### एक नजर में

## दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सीनियर सिटीजन की दूसरी साधारण सभा में किया सम्मान



**मंदसौर।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सीनियर सिटीजन, मंदसौर की द्वितीय पारिवारिक साधारण सभा बक्शी धर्मशाला, घंटाघर पर हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ जिनेंद्र प्रभु के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं श्रीमती सीमा बंडी के मंगलाचरण से हुआ। सभा में हाल ही में सम्पन्न 10 दिवसीय तीर्थ यात्रा की जानकारी प्रोजेक्ट चेयरमैन महावीर कोटडिया एवं अजीत बंडी ने दी। कोमल प्रकाश जैन 'पंछी' ने सहयोगी दानदाताओं का सम्मान किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। इस दौरान सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं में पदासीन हुए ग्रुप सदस्यों का भी सम्मान किया गया। साथ ही चांदखेड़ी में हुए राष्ट्रीय अधिवेशन में वर्ष 2025 की गतिविधियों के लिए प्राप्त ट्रॉफी ग्रुप को समर्पित की गई। कार्यक्रम में अध्यक्ष विनोद सिंहल का जन्मदिन भी मनाया गया। अंत में यात्रा में शामिल सदस्यों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। संचालन दिलीप कुमार जैन भोलिया ने किया एवं आभार अजीत जैन कोटडिया ने व्यक्त किया।

## यूसीमास का कोर्स पूरा करने पर मंदसौर के 12 छात्रों का इंदौर में किया जाएगा सम्मान



**मन्दसौर।** यूसीमास अबेकस एंड मेंटल अर्थमैटिक में तीन साल का कोर्स पूर्ण करने पर मंदसौर के 12 छात्रों का इंदौर के अभय प्रशाल में 2 मई को सायं 5 .30 बजे सम्मान किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए कोर्स प्रशिक्षक नरेन्द्र कुमार ने बताया कि मंदसौर के प्रतिभावान छात्र अभिजीत बामनिया, प्रियाशा चंद्रावत, अथर्व गुप्ता, शिवांश गुप्ता, नेहान इस्लाम, पदम भटोदरा, हिमानी पाटीदार, एंजल खाबिया, कुसुमेश चौहान, अक्षत शर्मा, अबीर शर्मा, प्रतीक चंदवानी ने यूसीमास का प्रशिक्षण प्राप्त किया व तीन साल का कोर्स पूर्ण कर डिग्री प्राप्त की जाएगी। इंदौर के अभय प्रशाल में आयोजित सेरेमनी में यूसीमास म.प्र. डायरेक्टर नीरज गोयल, अमृता गोयल सहित उपस्थिति अतिथियों द्वारा उक्त 12 प्रतिभाशाली छात्रों का सम्मान किया जाएगा।

## अंतरराष्ट्रीय ज्ञान वाले सांसद सदन में मौन क्यों...: चंचलेश व्यास

**पिपलियामण्डी।** प्रदेश कांग्रेस आईटी सेल के अध्यक्ष चंचलेश व्यास ने मंदसौर-नीमच के सांसद सुधीर गुप्ता पर तीखा राजनीतिक हमला बोलते हुए उनके कार्यकाल और कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं। व्यास ने कहा कि अपने भाषणों में अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर लंबा-चौड़ा ज्ञान देने वाले सांसद सदन में क्षेत्रीय समस्याओं पर अक्सर मौन क्यों रहते हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में एक अखबार में प्रकाशित खबर के आधार पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा उठाए गए सवालों से सांसद असहज हो गए। इसके बाद उन्होंने लूडो जैसे विषय पर विस्तृत टिप्पणी कर अपनी प्रतिक्रिया दी, जो उनके मूल मुद्दों से भटकाव को दर्शाता है। व्यास ने तंज कसते हुए कहा कि यदि सांसद इसी प्रकार का विस्तार किसानों, बेरोजगारी, सिंचाई और स्थानीय विकास जैसे मुद्दों पर देते, तो क्षेत्र की जनता को वास्तविक राहत मिल सकती थी।

# मुनिराज सुखासागर के प्रथम समाधि दिवस पर किया विधान का आयोजन

▶ संयम और अहिंसा से ही संभव है स्वस्थ समाज का निर्माण : आर्यिका समर्थ श्री माताजी



**मंदसौर।** सकल दिगंबर जैन समाज, मन्दसौर के तत्वावधान में परम पूज्य मुनिराज 108 श्री सुखासागर जी महाराज का प्रथम समाधि दिवस मंगलवार को श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस पावन अवसर पर नाकोड़ा नगर स्थित आचार्य सन्मति कुंज संत भवन में आचार्य सन्मतिसागर विधान का भव्य आयोजन किया गया।

यह धार्मिक अनुष्ठान गुरु मां आर्यिका रत्न 105 श्री समर्थ श्री जी एवं सार्थक श्री माताजी के मंगल सानिध्य में संपन्न हुआ। डॉ एस एम जैन ने बताया कि कार्यक्रम सुबह 7 बजे से प्रारंभ होकर 9:30 बजे तक चला। कार्यक्रम के दौरान विशेष पूजा-अर्चना, शांति धारा और गुरु भक्ति के कार्यक्रम हुए। आयोजित विधान विधानाचार्य पंडित विजय कुमार गांधी के द्वारा संपन्न कराया गया। विधान में प्रमुख रूप से सपत्नी डॉक्टर एस एम जैन, शांति लाल जैन, कोमल प्रकाश जैन, विनोद कुमार जैन ऋषभ जैन सहित कुलथाना परिवार के अन्य सदस्य एवं नन्द किशोर अग्रवाल, अरविंद मेहता, मानमल जैन, राजमल गर्ग, अंकित, प्रोफेसर अशोक अग्रवाल, हंसमुख लाल रंगीला सेठ, जगदीश गर्ग, सुरेश मिंडा, दीपक भूता, राजेश जैन दलौदा, महावीर जैन दलौदा, अभय मादावत, राजकुमार पाटनी, सूरज मल जैन, जयंती लाल जैन, रमेश पंचोली, संजय मिंडा, मुकेश जैन, सुनील जैन, श्रीमती सन्तोष सेठी सहित अन्य समाज जन ने विधान में सम्मिलित होकर धर्म लाभ लिया। आर्यिका 105 समर्थ श्री माताजी ने रविवार को आयोजित धर्म सभा में मंगल प्रवचनों में वर्तमान जीवनशैली पर गहरा प्रहार करते हुए धर्म और स्वास्थ्य के अंतर संबंधों को रेखांकित किया। माताजी ने कहा कि आज हमारी दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो चुकी है, जिसके कारण बीमारियां हमें घेर रही हैं।

माताजी ने शुद्धि पर जोर देते हुए कहा कि केवल शरीर ही नहीं, बल्कि मुख शुद्धि के उपरांत ही मंदिर प्रवेश करना चाहिए। उन्होंने गिरती पाचन शक्ति का कारण बताते हुए कहा कि खान-पान में मर्यादा का अभाव ही रोगों की जड़ है। सुबह उठते ही भगवान का नाम ले और मुख में जमा रात भर की लार को पानी के साथ शरीर में उतारे।



## शादी की सालगिरह पर गौशाला में गायों को खिलाया चारा

**मन्दसौर। महावीर इंटरनेशनल मंदसौर के तत्वावधान में संस्था के प्रवक्ता नवीन-संगीता छिंगावत ने अपनी विवाह वर्षगांठ के उपलक्ष्य में बस स्टैंड स्थित गौशाला में गो माता को आहार कराया।**

इस दौरान संस्था अध्यक्ष अरविंद कुदार ने स्वागत उद्बोधन देते हुए बताया अपने विशेष दिन पर जीव दया प्रकल्प आयोजित करना सराहनीय है, यह आयोजन भगवान महावीर के शिक्षाओं के अनुरूप है, जो अहिंसा और जीवों के प्रति करुणा का संदेश देते हैं। उन्होंने बताया गौ सेवा से ब?कर कोई सेवा नहीं है और आज अपने जीवन के खास अवसर पर सेवा कार्य करके मन को संतोष हुआ। उन्होंने बताया कि मान्यता है कि ब? से ब?ा कष्ट भी सिर्फ गौ माता की सेवा करने से दूर हो जाता है।

गवर्निंग काउंसिल मेंबर राकेश जैन ने सभी से निवेदन किया कि वह अपने शुभ प्रसंग पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करते रहें।

उपस्थित सदस्य द्वारा माला पहनकर लाभार्थी परिवार का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में जॉन ट्रेजरार संजय चौधरी, मंदसौर शाखा के निवृतमान अध्यक्ष भागचंद खंडेलवाल, उपाध्यक्ष अनिल बाफना, यश चौधरी, कोषाध्यक्ष दिनेश जैन, सह कोषाध्यक्ष अशोक ओस्तवाल एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। सभी ने इस अवसर पर गौसेवा कर पुण्य लाभ अर्जित किया। संचालन सचिव ऋषभ फाफरिया ने किया एवं आभार राजेश नामदेव ने माना।



## जिला जेल के बंदियों का हुआ एक्स-रे के माध्यम से टीबी स्क्रीनिंग परीक्षण

**मंदसौर।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान 100 दिवसीय आयुष्मान आरोग्य अभियान के तहत दिनांक 28 अप्रैल 2026 को कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गोविंद सिंह चौहान एवं जिला क्षय अधिकारी डॉ. आर के द्विवेदी के सानिध्य में एक विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन जिला जेल मंदसौर में किया गया

स्वास्थ्य विभाग के टीबीएचवी श्री अजय पाण्डेय ने उपस्थित बंदियों को टीबी रोग के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार सही पोषण लेकर अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहे।

शिविर में सुंदरलाल पटवा मेडिकल कॉलेज मंदसौर डीन श्रीमती शशि गांधी के सानिध्य में चिकित्सा जगत के विशेषज्ञों और स्वास्थ्य कर्मियों ने अपनी सेवाएं दीं, जिनमें प्रमुख रूप से सुंदरलाल पटवा मेडिकल कॉलेज से इंटर्न डॉ. अमन खान, खादिजा बुरहानी, फार्मासिस्ट नयन राठौर, एक्स-रे टेक्निशियन विवेक तुगनावत, स्टाफ नर्स नाजिया मंसूरी, साथ ही जिला जेल से पीके सिंह जेल सुपरिटेंडेंट, आर के विश्वकर्मा डिप्टी एसपी, के एस सिसोदिया जेल मेडिकल ऑफिसर, अर्पण बारिया मेल नर्स उपस्थित रहे।

**एक नजर** ▶ महासचिव ने बताया मजदूरों के अधिकारों पर हमला

## चार नए श्रम कानूनों के विरोध में मेडिकल रिप्रजेंटेटिव

**मंदसौर। स्थानीय दवा बाजार में दवा प्रतिनिधि यूनियन की एक बैठक हुई। जिसमें मध्य प्रदेश मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव यूनियन के महासचिव अनुराग सक्सेना ने नए चार श्रमिक कानूनों को मजदूरों के अधिकारों को छीनने वाला बताया और उसके विभिन्न दुष्प्रभावों कि जानकारी भी दी।**



एम आर यूनियन मंदसौर शाखा की इस बैठक में भोपाल से पधारें राज्य महासचिव अनुराग सक्सेना ने बताया कि नए चार कानून श्रमिकों को अपनी यूनियन बनाने से रोकते है। यूनियन हमेशा श्रमिकों के अधिकारों के लिए अपनी आवाज उठाती है। चार श्रमिक कानूनों में ई एस आई सी और भविष्य निधि में अंशदान कम कर दिया गया है। आकस्मिक अवकाश कम कर दिए गए है। अर्जित अवकाश को 180 संचित दिन से 90 दिन कर दिया गया है। इन चार श्रमिक कानूनों में नियोक्ता को ये अधिकार दिए है कि वे बिना सूचना दिए कंपनी को बंद कर सभी श्रमिकों को बेरोजगार कर सकते है। ये चार श्रमिक कानून फिक्स्ड टर्म एम्प्लॉयमेंट को ब?ावा देता है, जिससे नियोक्ता श्रमिकों का शोषण कर कभी भी नौकरी से निकाल सकता है। अतः हमारी मांग है कि श्रमिकों के पूर्व कानूनों को यथावत रख उसे सख्ती से लागू किया जाना चाहिए। इस अवसर पर राज्य सचिव अभिषेक जैन, नीमच संयोजक प्रमोद बिवरे, मंदसौर सचिव उपेन्द्र राय, कोषाध्यक्ष मयंक चुनकर ने भी संबोधित किया। संचालन मंदसौर यूनियन अध्यक्ष दिनेश चंदवानी ने किया। इस अवसर पर लोकेश जैन, संदीप भावसार, चंद्रशेखर शर्मा, आशीष जैन, मिथुन वाप्त, विनय मुजावदिया, विकास कुमार, बिजेंद्र झा, नीरज माली, विमल विश्वकर्मा, धर्मवीर सिंह, अश्विनी तिवारी, महेश धनोतिया, कमलेश कछावा, राम बिरला, निशांत कुमार, अजहर अंसारी, हेमंत चंदेल, कैलाश चौहान, रंजीत बसवा, विवेक पांडे, मयंक कुमावत, होकम रायका, महेंद्र कुमावत, अनिल शर्मा, पलाश सोनी, नरेश गुर्जर, चंदन कुमार, जितेंद्र सिंह, अमित कुमार, नरेश जायसवाल, मनीष भावसार, इत्यादि उपस्थित थे।

# नीमच


### एक नजर में

## जिला अस्पताल के आउटसोर्स कर्मचारियों ने खोला मोर्चा, वेतन और एरियर के लिए कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**नीमच।** नीमच जिला चिकित्सालय में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों ने पिछले कई महीनों से वेतन न मिलने और बकाया एरियर के भुगतान को लेकर मंगलवार को जिला कलेक्टर के नाम एक आवेदन सौंपा। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं हुईं, तो उन्हें कड़े कदम उठाने पर मजबूर होना पड़ेगा। CEDMAP कंपनी के अंतर्गत कार्यरत इन आउटसोर्स कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें पिछले 2 माह से वेतन नहीं दिया गया है। इसके अलावा, पिछले 11 माह का एरियर भी अभी तक बकाया है। ज्ञापन में बताया गया कि बार-बार कंपनी प्रबंधन से मौखिक अनुरोध करने के बावजूद अब तक भुगतान की दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उपस्थित घनश्याम बैरागी सहित कर्मचारियों ने अपनी व्यथा सुनाते हुए कहा कि वेतन न मिलने से वे गहरे आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। बच्चों की स्कूल फीस जमा करने में असमर्थता हो रही है, घर का राशन और रोजमर्रा के खर्च चलाना कठिन हो गया है, बीमारी के समय इलाज के लिए भी पैसे उपलब्ध नहीं हैं। इसके चलते कर्मचारियों ने कलेक्टर से अपनी मांगों के तहत 2 माह का बकाया वेतन तत्काल जारी कराए जाने, 11 माह के बकाया एरियर का भुगतान सुनिश्चित करने और भविष्य में हर माह समय पर वेतन भुगतान की गारंटी दी जाने संबंध में त्वरित कार्रवाई का निवेदन किया है। ज्ञापन प्रदर्शन के दौरान जिला अस्पताल की विभिन्न इकाइयों में कार्यरत दर्जनों कर्मचारी गजेंद्र, सागर, युवराज, संजय, मीना, किरण, अभिषेक, रीना, नेहा आदि उपस्थित रहे। अब देखना यह है कि प्रशासन इस संवेदनशील मामले में क्या कदम उठाता है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान जल चौपाल में दिया जल संरक्षण का संदेश



**नीमच।** जल गंगा संवर्धन अभियान जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था सुरेश लोक शिक्षण समिति तथा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति गिरदौड़ा के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न गतिविधियाँ संपन्न हुई। कार्यक्रम की शुरुआत यादव महिला मंडल के सदस्यों के साथ कलश यात्रा के माध्यम से की गई। इस मौके पर जल चौपाल में जल संरक्षण का के प्रति जागरूकता का संदेश दिया तथा जल के महत्व पर चर्चा की। कार्यक्रम में गांव के जल स्त्रोत, विशेष रूप से हैंडपंप के आसपास स्वच्छता बनाए रखने हेतु श्रमदान किया।

# पाइप लाइन टूटी, जलसंकट... उबल पड़ा गुस्सा

▶ जमुनिया कला में महिलाओं का चक्काजाम, सड़क ठप



**नीमच।** भीषण गर्मी के बीच पानी के लिए जूझते ग्रामीणों का सब्र जवाब दे गया। ग्राम जमुनिया कला में पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के बाद कई दिनों से पानी बंद है, जिससे नाराज महिलाओं ने मंगलवार को सड़क पर उतरकर चक्काजाम कर दिया। देखते ही देखते भाटखेड़ा-डूंगलवड़ा मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आवागमन पूरी तरह थम गया।

**कैसे बिगड़ा हालात**-ग्रामीणों के अनुसार, सड़क निर्माण कार्य के दौरान पेयजल पाइपलाइन फूट गई, जिसके बाद पूरे इलाके में पानी की सप्लाई ठप हो गई। आरोप है कि घटना के बाद से लगातार शिकायतों के बावजूद पंचायत और जिम्मेदार अधिकारी सक्रिय नहीं हुए, जिससे समस्या और गंभीर हो गई।

**पानी के बिना हालात बेहाल**-महिलाओं ने बताया कि कई दिनों से घरों में पानी नहीं पहुंच रहा, जिससे रोजमर्रा के काम ठप हैं। बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी और पीने के पानी तक के लिए भटकना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में पानी जैसी बुनियादी सुविधा ठप होने से लोगों का गुस्सा फूट पड़ा।



**सड़क पर उतरीं महिलाएं, नारेबाजी**-गुस्साई महिलाओं ने ठेकेदार और पंचायत के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और चेतावनी दी कि जब तक मौके पर अधिकारी आकर समाधान का ठोस आश्वासन नहीं देते, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

**चक्काजाम से थमा ट्रैफिक**-प्रदर्शन के चलते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइनें लग गईं। स्थिति बिगड़ती देख प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और समझाइश के बाद मार्ग को बहाल कराया।

## पट्टे की जमीन पर कब्जे का आरोप तालाब खुदाई के नाम मिट्टी 'गायब'

▶ पीड़ितों की कलेक्टर से गुहार




**नीमच। ग्राम सावन में जमीन विवाद ने अब गंभीर रूप ले लिया है। पट्टे की भूमि पर जबरन कब्जा और अवैध मिट्टी उत्खनन के आरोपों के साथ दो पीड़ित किसान कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंचे और न्याय की मांग की।**

प्रार्थी जेतराम पिता देवाजी और प्रकाश पिता स्वर्गीय मूलचंद ने शिकायत में बताया कि उनकी करीब 1 हेक्टेयर जमीन (सर्वे क्रमांक 2352 एवं 2352/मिन-2) वर्ष 2002 में शासन द्वारा पट्टे पर दी गई थी, जिस पर वे वर्षों से खेती करते आ रहे थे।

**अधबटाई से कब्जे तक का सफर**-पीड़ितों के अनुसार उन्होंने गांव के ही बगदीराम गुर्जर को अधबटाई पर खेती के लिए जमीन दी थी। शुरुआत में सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन बगदीराम की मृत्यु के बाद उसका पुत्र गोविंद उर्फ पियुष ने जमीन पर कब्जा जमा लिया और अब फसल का हिस्सा देने से भी साफ इनकार कर दिया।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि गोविंद द्वारा बलराम योजना के तहत तालाब की खुदाई कराई जा रही है, लेकिन इसके नाम पर बड़ी मात्रा में मिट्टी निकालकर अवैध रूप से बेची जा रही है। पीड़ितों का कहना है कि विरोध करने पर उन्हें गाली-गलौज और जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं, साथ ही पुलिस का डर दिखाकर खेत में आने से भी रोका जा रहा है।

**प्रशासनिक लापरवाही के भी आरोप**-मामले में स्थानीय स्तर पर कार्रवाई न होने से पीड़ितों में नाराजगी है। उन्होंने आरोप लगाया कि पटवारी को शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, बल्कि वह आरोपी का पक्ष ले रहा है।

**एक नजर** ▶ कॉम्बिंग गश्त में नीमच पुलिस का बड़ा एक्शन

# एक ही रात में 124 वारंट तामील, अपराधियों में हड़कंप

**नीमच।** जिले में कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से नीमच पुलिस द्वारा 27/28 अप्रैल की दरम्यानी रात्रि में व्यापक स्तर पर कॉम्बिंग गश्त अभियान संचालित किया गया। पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवलसिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में यह कार्रवाई की गई।



अभियान के दौरान लंबे समय से फरार आरोपियों की गिरफ्तारी, निगरानी एवं गुंडा बदमाशों की जांच, होटल/लॉज/ढाबों की चेकिंग, महिला संबंधी अपराधों के आदतन आरोपियों की निगरानी सहित विभिन्न बिंदुओं पर प्रभावी कार्यवाही की गई।

कॉम्बिंग गश्त के अंतर्गत कुल 12 स्थानों पर संयुक्त चेकिंग की गई, जिसमें 200 से अधिक वाहनों की जांच करते हुए 53 वाहनों के चालान बनाए गए तथा 21,400 का समन शुल्क वसूल किया गया। साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान कुल 124 वारंट तामील कराए गए, जिनमें 45 स्थायी वारंट एवं 79 गिरफ्तारी वारंट शामिल हैं। यह सभी आरोपी लंबे समय से फरार चल रहे थे। वारंट तामीली के अंतर्गत मादक पदार्थ तस्करी के 2, शरीर संबंधी अपराधों के 51 तथा संपत्ति संबंधी अपराधों के 17 प्रकरणों में कार्रवाई की गई।

इसके अतिरिक्त 127 निगरानी बदमाशों एवं 1 जिला बदर की रात्रि में जांच की गई। अवैध गतिविधियों की रोकथाम हेतु 66 होटल, लॉज एवं ढाबों की चेकिंग की गई। आबकारी अधिनियम के तहत 14 प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए 67 लीटर अवैध शराब जब्त की गई, जबकि सट्टा अधिनियम के अंतर्गत 7 प्रकरण दर्ज किए गए।

पुलिस द्वारा 63 व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई तथा शस्त्र अधिनियम के तहत 1 प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। वहीं एनडीपीएस एक्ट के तहत 1 प्रकरण दर्ज कर 261 किलो 300 ग्राम अवैध डोडाचूरा जब्त किया गया। महिला संबंधी अपराधों के 5 आदतन आरोपियों की भी जांच कर उनकी गतिविधियों की जानकारी एकत्रित की गई। पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल ने बताया कि जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु इस प्रकार की कार्यवाहियां निरंतर जारी रहेंगी।